आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त


# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

● वर्ष- 15 अंक-278 ● कटनी ● रविवार, 14 नवम्बर, 2021 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक शुक्ल पक्ष -10 ● विक्रम संवत् 2078 शके 1935



# पति-पत्नी समेत पूरे परिवार को सरेआम दी फांसी, घर को बम से उड़ाया

**गया।** बिहार के गया से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है। जिले के डुमरिया प्रखंड के मौन बार गांव में नक्सलियों ने चार लोगों की हत्या कर दी। इसके बाद उसके घर को बम से उड़ा दिया। घटना शनिवार रात की है, जब नक्सलियों ने इस वारदात को अंजाम दिया। मामले की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, गांव निवासी सरजू सिंह भोक्ता के घर को प्रतिबंधित नक्सलियों ने बम से उड़ा दिया। नक्सलियों ने पति-पत्नी समेत पूरे परिवार को सरेआम फांसी पर लटका दिया। मारे गए लोगों में सतेंद्र सिंह, महेंद्र सिंह, मनोरमा देवी और सुनीता सिंह शामिल हैं।

### नक्सलियों ने लिखा, ले लिया गया बदला

इतना ही, इस घटना को अंजाम देने के बाद नक्सलियों ने पर्चा चिपकाते हुए लिखा, इसी परिवार के लोगो ने षडयंत्र के तहत चार नक्सलियों को पूर्व में जहर खिलाकर मरवा दिया था। वो इनकाउंटर में नहीं मारे गए थे। नक्सलियों ने लिखा अमरेश कुमार, सीता कुमार, शिवपूजन कुमार और उदय कुमार की शहादत का बदला ले लिया गया है।



### पुलिस पूरे इलाके में सर्च अभियान कर रही है

मामले में एसएसपी आदित्य कुमार ने कहा, नक्सलियों ने यह कायराना हरकत चुनाव में दबिश दिखाने के लिए की है। हत्या उसी जगह हुई है, जहां चार नक्सली एनकाउंटर में मारे गए थे। पुलिस पूरे इलाके में सर्च अभियान कर रही है।

## पत्रकार की हत्या,मंत्री लेसी सिंह पर आरोप

बिहार सरकार की मंत्री और धमदाहा विधायक लेसी सिंह की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हत्या का आरोप मंत्री लेसी सिंह पर लगा है। मामले को लेकर सियासत भी तेज हो गई है। लेसी का नाम आते ही नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी सत्ताधारी दल जदयू पर हमलावर है। विश्वजीत सिंह उर्फ रिंटू सिंह के परिजनों ने शनिवार को सरसी थाना के पास शव रखकर प्रदर्शन किया। इधर नाराज लोगों को शांत कराने पहुंचे एसपी दयाशंकर को भी विरोध का सामना करना पड़ा। घटना के बाद सरसी थानाध्यक्ष नरेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है।

## फटाफट खबरें



### खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया के सामने कीवियों की चुनौती

**दुबई ।** ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की टीम अपने पहले टी-20 वर्ल्ड कप के खिताब के लिए अपनी-अपनी तैयारियों में लगी हुई हैं। दुनिया की दोनों ही शीर्ष टीमें अब तक एक बार भी टी-20 वर्ल्ड कप की ट्रॉफी नहीं जीत पाई हैं। हालांकि इस बार दोनों के पास इसे जीतने का मौका है। सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने जहां पाकिस्तान को हराया तो वहीं न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड को रोमांचक अंदाज में हराकर फाइनल में जगह पक्की की। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड दोनों ही टीमों के बीच कई समानताएं हैं और दोनों को तेज पिचों पर खेलने की आदत रही है लेकिन जिस तरह से इन्होंने यूएई की धीमी पिचों पर खुद को ढाला है, वह बेहतरीन है। ऐसे में अब रविवार को दुबई के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले खिताबी मुकाबले में दुनिया की नज़रों में दोनों ही टीमों पर होंगी। **खेल पेज भी देखें**

### पुलिस ने पूछा-क्या समस्या है, किसान ने कहा-साहब! भैंस दूध दुहने नहीं देती, मदद करे

**भिंड।** भिंड एक अनूठा मामला सामने आया है। यहां एक किसान पुलिस थाने पहुंचा और बोला साहब! भैंस दूध दुहने नहीं देती, पुलिस की मदद चाहिए। जब किसान ने यह समस्या बताई तो पुलिसकर्मी भी हैरान रह गए। उन्होंने उससे फिर से पूछा कि क्या कोई अन्य समस्या भी है तो किसान ने साफ कहा कि उसकी तो केवल यही दिक्कत है। पुलिस यदि मदद करती है तो वह अहसानमंद रहेगा। किसान का यह वीडियो इंटरनेट मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।।

### हिन्दुत्व विवादः शिक्षा समागम में सलमान खुर्शीद का आना टला

**रायपुर।** बाल दिवस के मौके पर राज्य सरकार की ओर से रविवार से आयोजित दो दिवसीय जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शिक्षा समागम में वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सलमान खुर्शीद का आना स्थगित हो गया है। दो दिन पहले तक शिक्षा समागम कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सलमान खुर्शीद का नाम था और जैसे ही हिंदुत्व को लेकर विवाद खड़ा हुआ उनका नाम इस कार्यक्रम के आमंत्रण कार्ड से भी हटा दिया गया है। बतादें कि स्कूल शिक्षा मंत्री डा. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने पत्रकार वार्ता में ही स्पष्ट कर दिया था कि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय माकन रहेंगे। अधिकारियों ने बताया कि सलमान खुर्शीद नहीं आ रहे हैं।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देंगे महापुरुषों की बलिदान-भूमि की माटी का अमृत कलश



**भोपाल।** 15 नवंबर को बिरसा मुंडा की जन्मतिथि पर भोपाल के जम्बूरी मैदान में जनजातीय गौरव दिवस पर आयोजित महासम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अमृत माटी कलश भेंट किया जाएगा। इसमें प्रदेश के 75 चयनित स्थान, जो आजादी के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों की जन्मभूमि, बलिदान भूमि व उनके जीवन से जुड़े स्थान हैं, की माटी होगी। प्रधानमंत्री के सामने 46 जनजातियों के 700 से अधिक कलाकार जनजातीय समुदाय की कला, संस्कृति और धरोहर के विविध स्वरूप को प्रदर्शित करने वाली प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम से वर्चुअली प्रदेशभर के दो करोड़ से अधिक व्यक्ति जुड़ेंगे। प्रधानमंत्री 15 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 33 मिनट पर भोपाल के राजाभोज विमानतल पर पहुंचेंगे। जनजातीय गौरव दिवस प्रदेश में धूमधाम से मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सरकार ने तय किया है कि प्रधानमंत्री का जनजातीय समाज के परंपरागत तौर-तरीकों से स्वागत किया जाएगा। उन्हें आदिवासी पगड़ी पहनाई जाएगी और तीर-कमान, चित्र सहित अन्य उपहार दिए जाएंगे। जनजातीय कलाकार उनके स्वागत में लोक नृत्य की प्रस्तुति देंगे। प्रदेश में टीकाकरण उपलब्धि और झाबुआ जिले के नरसिंहरुंडा गांव द्वारा शत-प्रतिशत कोविड टीकाकरण की उपलब्धि पर आधारित फिल्म का प्रदर्शन किया जाएगा।

## कोरोना का टीका नहीं लगवाया तो बैंकों में नहीं मिलेगा प्रवेश




**इंदौर।** कोरोना के टीके की दूसरी डोज लगवाने के लिए हर स्तर पर लोगों को न केवल जागरूक किया जा रहा है, बल्कि प्रतिबंधों का दायरा भी बढ़ाया जा रहा है। अब बैंकों ने भी तय किया है कि कोरोना का दूसरा डोज न लगवाने वाले ग्राहकों को एक दिसंबर से बैंक में प्रवेश नहीं मिल पाएगा। ऐसे में ग्राहक बैंक जाकर लेनदेन और अन्य काम नहीं कर पाएंगे। इसी तरह आइटी-बीपीओ कंपनियों ने अपने कर्मचारियों के लिए यह अनिवार्य किया है कि वे 30 नवंबर तक टीके की दूसरी डोज अवश्य लगवा लें। कोरोना के टीकाकरण को लेकर कलेक्टर मनीषसिंह ने शनिवार को रवींद्र नाट्यगृह में बैंक, कियोस्क संचालक, निजी ठेकेदार, आइटी कंपनियों के प्रतिनिधियों की बैठक ली। इसमें कलेक्टर ने कहा कि कोई भी शासकीय और निजी ठेकेदार ऐसे मजदूरों से काम नहीं कराएगा, जिन्हें टीके की दूसरी डोज नहीं लगी है। उन्होंने ठेकेदारों से कहा कि यह आप सबकी जिम्मेदारी है कि आपके यहां काम करने वाले स्टाफ और मजदूरों को कोरोना के टीके का दूसरा डोज लग जाए। कोई भी बिल्डर और कालोनाइजर तय करे कि उनके यहां कार्य कर रहे मजदूर वैक्सीन की दूसरी डोज लगाए बिना नहीं रहेंगे।उद्योगों में काम कर रहे लोग और उनके परिवार के शत-प्रतिशत सदस्यों को दूसरी डोज लगना जरूरी है। इसका भौतिक सत्यापन एकेवीएन करेगा। इस संबंध में एकेवीएन एमडी रोहन सक्सेना को निर्देश दिए गए। बैठक में मौजूद नगर निगम आयुक्त प्रतिभा पाल ने कहा कि कोरोना वैक्सीन की पहली डोज के लिए जिन स्थानों पर केंद्र बनाए गए थे, वही केंद्र दूसरी डोज के लिए भी शुरू कर दिए गए हैं। लीड बैंक मैनेजर ओमप्रकाश आनंद ने बताया कि प्रशासन के आदेश के अनुसार बैंक आने वाले ग्राहकों को यह बताया जा रहा है कि वे 30 नवंबर तक टीके की दूसरी डोज लगवा लें। इसके बाद एक दिसंबर से ऐसे ग्राहकों का प्रवेश रोक दिया जाएगा जो दूसरी डोज लगवाकर नहीं आए हैं। उनके वैक्सीनेशन के प्रमाण-पत्र देखे जाएंगे।



## शिल्पा-राज की मुश्किलें बढ़ीं

**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा की मुश्किलें लगातार बढ़ती ही जा रही है। पहले से ही कानूनी मामले में फंसे इस कपल के खिलाफ अब एक और मामला दर्ज किया गया। दरअसल, शिल्पा शेट्टी और राज कुंद्रा के खिलाफ मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक नितिन बराई नामक एक शख्स ने बांद्रा पुलिस को जानकारी दी कि शिल्पा और राज एक फर्म के जरिए साल 2014 से उसके साथ धोखाधड़ी कर रहे हैं। बराई की शिकायत के बाद बांद्रा पुलिस ने शिल्पा शेट्टी,राज कुंद्रा समेत अन्य सभी आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 406, 409, 420, 506, 34 और 120 (बी) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इसके बाद अब मुंबई पुलिस जल्द ही मामले में आरोपियों से पूछताछ भी कर सकती है। वहीं मामले में राज कुंद्रा और शिल्पा शेट्टी का पक्ष जानने के लिए पुलिस जल्द ही उनसे संपर्क कर सकती है। अपनी शिकायत दर्ज कराते हुए बराई ने पुलिस को बताया कि उससे कहा गया कि अगर वह इनकी कंपनी की फ्रेंचाइजी लेकर पुणे के कोरेगांव इलाके में स्पा और जिम खोलेगा तो उसे काफी फायदा होगा। उनकी बात मान कर बराई ने 1 करोड़ 59 लाख 27 हजार रुपए का निवेश किया।

## कुंडली बॉर्डर पर किसान आंदोलन में शामिल किसान की मौत



**नई दिल्ली ।** सोनीपत के कुंडली बॉर्डर पर किसान आंदोलन में शामिल एक और किसान की मौत हो गई है। कुंडली स्थित टीडीआई गेट के पास झोपड़ी में मृत मिले किसान की पहचान 75 वर्षीय किसान मेवा सिंह पूनिया के तौर पर हुई है। वे कैथल के गांव भागल के रहने वाले थे। परिजन शव को लेकर कैथल स्थित गांव भागल के लिए रवाना हो गए हैं। जहां उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। परिजनों ने उनके शव का पोस्टमार्टम नहीं करवाया। कुंडली थाना पुलिस को उनकी मौत की सूचना भी नहीं दी गई।

## कर्नल के बेटे-पत्नी के बारे में नहीं थी जानकारी

### मणिपुर हमले की नागा पिपुल्स फ्रंट ने ली जिम्मेदारी



**इंफाल।** मणिपुर में सेना की टुकड़ी पर आतंकी हमलों में सात लोगों की मौत की जिम्मेदारी नागा पिपुल्स फ्रंट ने ली है। दहशतगर्दों ने कहा कि काफिले में कर्नल की पत्नी और बेटा की भी मौत हो गई। इस बारे में कोई जानकारी नहीं थी। इस आतंकी हमले से पूरा देश आक्रोशित है। दहशतगर्दों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की जा रही है। मणिपुर के चूड़ाचंद्रपुर जिले के सिंघट इलाके में शनिवार दोपहर आतंकियों ने असम राइफल्स के काफिले पर घात लगाकर हमला कर दिया। हमले में 46 असम राइफल्स के कमांडिंग अफसर समेत पांच जवान शहीद हो गए। चुराचांदपुर इलाके में उग्रवादियों ने कायराना हरकत की। शनिवार की सुबह असम राइफल्स की 46वीं बटालियन का काफिला इलाके से गुजर रहा था, तभी घात लगाकर बैठ उग्रवादियों हमला कर दिया। इस हमले में कर्नल विप्लव त्रिपाठी के साथ उनकी पत्नी समेत बेटे की भी मौत हो गई।

## 50 लाख का इनामी नक्सली ढेर



**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली एनकाउंटर में पुलिस ने 50 लाख के इनामी नक्सली मिलिंद तेलतुम्बडे को मार गिराया। बताया जाता है कि मिलिंद तेलतुम्बडे भीमा कोरेगांव मामले में वांछित आरोपी था। दरअसल, शनिवार को मुंबई से करीब 900 किलोमीटर दूर पूर्वी महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस के साथ मुठभेड़ में कम से कम 26 नक्सली मारे गए। पुलिस अधिकारी ने कहा कि सुबह से शुरू हुई मुठभेड़ करीब 12 घंटे तक चली। गढ़चिरौली के पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने रविवार को बताया कि प्रारंभिक पहचान के मुताबिक, मिलिंद शनिवार की मुठभेड़ में मारे गए 26 नक्सलियों में से एक था।

## पीएम मोदी पहले जम्बूरी मैदान आएंगे, फिर बीयू और रानी कमलापति स्टेशन




**भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 नवंबर को भोपाल में जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जम्बूरी मैदान में होने वाले कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचेंगे। इसके बाद वे रानी कमलापति रेलवे स्टेशन का लोकर्पण करेंगे।15 नवंबर को दोपहर 12 बजकर 33 मिनट पर राजाभोज विमानतल पर पहुंचेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। 12 बजकर 35 मिनट पर प्रधानमंत्री राजभोज विमानतल एक बजे जम्बूरी मैदान पहुंचेंगे। एक बजकर 12 मिनट पर प्रदर्शनी का उद्घाटन और स्व-सहायता समूहों के उत्पादों का अवलोकन करेंगे। इस दौरान प्रथम विधानसभा के लिए निर्वाचित सदस्य लक्ष्मीनारायण गुप्ता का सम्मान करेंगे। एक बजकर 20 मिनट पर प्रधानमंत्री मंच पर पहुंचेंगे। एक बजकर 40 मिनट पर राशन आपके द्वार योजना के तहत वाहन की चाबी सौंपेंगे। विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के तीन चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र देंगे।- दो बजकर 15 मिनट पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संबोधन होगा। आभार प्रदर्शन खाद्य, नागरिक आपूर्ति मंत्री बिसाहूलाल सिंह करेंगे। तीन बजे प्रधानमंत्री बरकतउल्ला विश्वविद्यालय स्थित हेलीपैड पहुंचेंगे। तीन बजकर 10 मिनट पर रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचेंगे। तीन बजकर 30 मिनट पर प्रधानमंत्री को संबोधन होगा। चार बजे पीएम राजाभोज विमानतल पहुंचेंगे और दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

## नई गाड़ियों का 'बीएच' सीरीज में पंजीकरण शुरू

**लखनऊ ।** 'वन नेशन, वन नंबर' के तहत उत्तर प्रदेश में नई गाड़ियों के लिए 'भारत सीरीज' (बीएच) में पंजीकरण करने की व्यवस्था तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है। जिस गाड़ी का पंजीकरण भारत सीरीज में होगा, वह देश के किसी भी राज्य में बिना रोक-टोक फर्राटा भर सकेगी। हालांकि भारत सीरीज में नये वाहन का पंजीकरण अनिवार्य नहीं, बल्कि ऐच्छिक होगा। बीएच सीरीज के गाड़ी मालिक को दूसरे राज्य में जाने पर न तो एनओसी लेनी पड़ेगी और न ही वहां पंजीकरण कराकर नया नंबर लेने की जरूरत पड़ेगी।

## मायावती की मां का निधन,मिलने पहुंचीं प्रियंका गांधी, जताया शोक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा रविवार को बसपा सुप्रीमो मायावती के दिल्ली स्थित आवास पर पहुंचीं और उनकी मां के निधन पर संवेदनाएं व्यक्त कीं। बता दें कि शनिवार को मायावती की मां रामरती का हृदय गति रुकने से निधन हो गया था। वह 92 वर्ष की थीं और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रही थीं। शनिवार को मायावती अपनी मां के निधन की खबर मिलते ही नई दिल्ली के लिए रवाना हो गईं। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र ने रामरती के निधन की खबर ट्विटर पर साझा करते हुए गहरा दुःख जताया। उन्होंने बताया है कि अंतिम संस्कार परिवार के अन्य सदस्यों के एकत्र होने के बाद रविवार को किया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर अंतिम दर्शन के लिए 3, त्यागराज मार्ग नई दिल्ली में रखा गया है।



## सोनू सूद की बहन लड़ेंगी विस चुनाव

**मोगा (पंजाब)।** अभिनेता सोनू सूद की बहन मालविका सच्चर पंजाब विधानसभा का चुनाव लड़ेंगी। यह एलान खुद अभिनेता सोनू सूद ने रविवार को मोगा में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की। हालांकि वह किस पार्टी से चुनाव मैदान में उतरेंगी, इसका खुलासा अभी नहीं किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सोनू सूद ने स्पष्ट किया कि वे राजनीति में नहीं उतरेंगे। सोनू सूद हाल ही में पंजाब के सीएम चरणजीत सिंह चन्नी व केजरीवाल से भी मुलाकात कर चुके हैं।




## भारत ने अंतिम समय में दुनिया को मनवाई अपनी बात



**न्यूयार्क ।** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन कॉप26 में भारत को बड़ी कूटनीतिक जीत हासिल हुई है। सम्मेलन के दौरान ग्लोबल वार्मिंग को लेकर हुए इस समझौते के दौरान भारत अंतिम समय में 200 देशों को यह समझाने में कामियाब रहा कि कोयले के उपयोग को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने के बजाय, चरणबद्ध तरीके से इसके उपयोग को कम किया जाए। भारत ने समझौते के अंतिम समय में कोयले को फेज आउट के बजाय फेज डाउन में शामिल करवाया। इसके बाद भारत ने भी कॉप26 के उस प्रस्ताव का समर्थन कर दिया, जिसे 200 देशों की ओर से पारित किया गया था। ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक कम करने के लक्ष्य को इस समझौते में रखा गया है। इसमें भारत और चीन अंतिम समय में कोयले और जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से खत्म करने की बजाय उसके उपयोग को कम करने की बात दुनिया के अन्य देशों को समझा पाए। ग्लासगो जलवाायु समझौते के तहत सभी देश 2030 तक अपने मौजूदा उत्सर्जन लक्ष्यों पर फिर से विचार करने पर सहमत हुए।

### हमें बहुत कुछ करने की जरूरत

यूएन जलवायु परिवर्तन सम्मेलन को भले ही संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने एक बड़ा कदम बताया हो, लेकिन उन्होंने जलवायु संकट की ओर से बढ़ते विश्व को आगाह भी किया है। वहीं अमेरिकी जलवायु प्रमुख जॉन केरी ने कहा कि जलवायु परिवर्तन की दिशा में यह समझौता अंतिम नहीं है। हमें अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है।

## जमीन में 660 किमी अंदर मिला दुर्लभ डायमंड



**वेब डेस्क।** वैज्ञानिकों ने कहा कि इस डायमंड से पता लगाया जा सकता है कि धरती के नीते क्या है। इस हीरे को Davemaoite नाम दिया गया है। यह हाई-प्रेशर कैल्शियम सिलिकेट पेरोव्स्काइट से बना है। बता दें ये एक क्रिस्टलीय संरचना है, जो पृथ्वी की ठोस परत बनती है। साइंटिस्टों के हाथों खनिज से एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। हीरा जमीन के अंदर 660 किमी नीचे मिला है। वैज्ञानिकों ने इसे दक्षिण अफ्रीका के बोत्सवाना में खोजा है। इस हीरे के अंदर डेवमॉयट नाम का एक नया खनिज मिला है। इसके जरिए अब पता लगाया जा सकता है कि पृथ्वी की सतह पर असल में क्या है।

# बच्चों के कैनवास पर नजर आई देश की वीरगाथा

## कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में बाल दिवस पर बच्चों के बीच हुई पेंटिंग प्रतियोगिता



**कटनी।** देश को आजादी दिलाने वाले वीरों और सीमाओं की सुरक्षा में लगे जवानों की वीरगाथाएं शनिवार को जागृति पार्क में बच्चों के कैनवास पर नजर आई। अवसर था एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत कटनी के स्टोन को बढ़ावा देने आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल का। जिसमें बाल दिवस पर के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से बच्चों के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। वीरगाथा की थीम पर दो वर्ग में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों ने देश भक्ति पर आधारित अपनी कल्पनाओं को ब्रश के माध्यम से कैनवास पर उतारा। दो वर्ग में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा तीसरी से आठवीं तक जूनियर वर्ग में छात्रों ने सहभागिता की और कक्षा नवमीं से 12वीं तक सीनियर वर्ग में छात्र पेंटिंग स्पर्धा में शामिल हुए। शहर के लगभग 20 स्कूलों के छात्रों ने पेंटिंग स्पर्धा में सहभागिता की। जिसमें से जूनियर वर्ग में 23 और सीनियर वर्ग में 24 बच्चे शामिल हुए। प्रतिभागियों को पेंटिंग बनाने के लिए एक घंटे का समय दिया और पेंटिंग सामग्री भी उपलब्ध कराई। प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों को शिक्षकों के साथ परिजनों ने भी उत्साहवर्द्धन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं के नाम 14 नवंबर बाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान घोषित किए जाएंगे।

**वीरगाथा थीम पर आयोजित प्रतियोगिता को लेकर बच्चों में दिखा उत्साह**

### कलेक्टर ने पहुंचकर की पेंटिंग की तारीफ

जागृति पार्क में आयोजित पेंटिंग प्रतियोगिता में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा भी सपत्निक पहुंचे। उन्होंने बच्चों के लिए की गई व्यवस्थाओं की जानकारी ली। साथ ही बच्चों से चर्चा कर उनका उत्साहवर्द्धन भी किया। साथ ही उनके द्वारा वीरगाथा थीम पर बनाई जा रही पेंटिंग की तारीफ भी की। इस दौरान सहायक कलेक्टर अंजली रमेश सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# श्रेहा बनीं यूथ कांग्रेस की प्रदेश प्रवक्ता

## भोपाल में हुई युवा कांग्रेस की राष्ट्र स्तरीय भाषण प्रतियोगिता

**कटनी।** देश, प्रदेश एवं जिले में ऊर्जावान प्रवक्ताओं के चयन हेतु पिछले लगभग 1 माह से राष्ट्रीय युवा कांग्रेस द्वारा निष्पक्ष प्रणाली से देश के प्रत्येक जिलों में यंग इंडिया के बोल नामक कार्यक्रम चलाया जा रहा है तथा चयन होने पर प्रदेश की राजधानी में प्रदेश स्तर पर वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है तथा प्रतिभागियों में से कुशल प्रवक्ताओं का चयन कर राष्ट्रीय युवा कांग्रेस कार्यालय दिल्ली में राष्ट्रीय प्रवक्ताओं का चयन किया जाएगा। इसी श्रृंखला में कटनी जिला स्तर पर आयोजित हुई चयन प्रक्रिया में श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल का चयन हुआ, जिसके पश्चात उन्हें भोपाल में युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित प्रदेश स्तर की भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने आमंत्रित किया गया, जहां प्रतियोगिता के चयनकर्ताओं द्वारा श्रीमती श्रेहा खंडेलवाल का चयन किया गया। भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता में कुल 68 प्रतिभागियों ने भाग लिया। जल्द ही चयनित सदस्यों को राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए दिल्ली आमंत्रित किया जाएगा। युवा कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर विक्रांत भूरिया एवं राष्ट्रीय प्रवक्ता श्रीमती पराग शर्मा द्वारा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



# बाल गंगाधर तिलक वार्ड में सरकारी जमीन में हो रहा कब्जा

**कटनी।** बाल गंगाधर तिलक वार्ड क्रमांक 1 स्थित बड़े शंकर जी के सामने महाकाल नगर में मेन रोड रीठी रोड में दबंगों द्वारा खुलेआम शासकीय जमीन पर कब्जा कर पक्का मकान का निर्माण कार्य कराया जा रहा है, साथ ही मुरूम डालकर नाले को बंद कर दिया गया है, जिससे पानी का भराव होगा। नगर निगम प्रशासन एवं नजूल विभाग के अधिकारियों से लिखित एवं मौखिक शिकायत के बावजूद आज तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं की गई। प्रशासन मूकदर्शक बने बैठा है और अवैध कब्जा करने वालों की चांदी है। जमीनों में कब्जा कर सरकारी जमीनों को बेचा जा रहा है। मकान बनाकर और प्रशासन कार्यवाही करने के नाम पर खानापूर्ति कर रहा है। कांग्रेस नेता राजकिशोर यादव ने कलेक्टर प्रशासक से इस दिशा में ठोस कार्रवाई किए जाने की मांग की है।



# महंगाई और अराजकता के विरोध में निकाली रैली




अभा कांग्रेस कमेटी एवं मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार कटनी जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा बढ़ती महंगाई, अराजकता इत्यादि के विरोध में आज 14 नवंबर दिन रविवार को सुबह 10 बजे से ग्राम पिपरोध से पडुआ तक पदयात्रा निकाली गई।

# जिला चिकित्सालय में नवजात शिशुओं के लिए बांटे कंबल एवं कपड़े



**कटनी।** अखिल भारतीय दिगंबर जैन महिला परिषद नीलांजना संभाग की शाखा कटनी के द्वारा एक बहुत ही नेक कार्य किया गया। परिषद द्वारा सरकारी हॉस्पिटल में जाकर परिषद की बहनों द्वारा कपड़े एवं कंबल बांटे गए। यह कपड़े एवं कंबल हमारी परिषद की बहनों ने सिविल सर्जन डॉ यशवंत वर्मा के कार्यालय में जाकर उनके हॉस्पिटल की इंचार्ज नर्स को सौंपे। परिषद द्वारा सिविल सर्जन एवं स्टाफ का स्वागत अभिनंदन किया गया। उन्होंने इस कार्य की सराहना करते हुए परिषद की बहनों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ठंड में जो नवजात शिशु हैं, उनको कंबल की बहुत ही ज्यादा जरूरत पड़ती है। परिषद ने आगे भी ऐसे नेक कार्य करने की शपथ ली। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती शालू जैन, सचिव श्रीमती संध्या जैन, कोषाध्यक्ष आशा चंदेरिया, प्रांतीय चेयरपर्सन सीमा चौधरी, संरक्षिका आराधना जैन, संरक्षिका संगीता जैन, के साथ ही श्रीमती प्रियंका जैन, श्रीमती रचना जैन उपस्थिति रही।

**अभा दिगंबर जैन महिला परिषद की सराहनीय पहल**



# जागृति पार्क में उठाया शूटिंग व आर्चरी का लुत्फ

## स्टोन आर्ट फेस्टिवल में एडवेंचर एक्टीविटी का आयोजन

**कटनी।** जागृति पार्क में 28 नवंबर तक आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल के दौरान आप एडवेंचर एक्टीविटी का लुत्फ भी उठा सकते हैं। पार्क में स्टोन फेस्टिवल में एडवेंचर स्पोर्ट्स जबलपुर के सहयोग से एडवेंचर एक्टीविटी का भी लोग लुत्फ उठा सकें, इसके लिए अलग-अलग गेम्स की व्यवस्था की गई है। शनिवार को स्टोन आर्ट फेस्टिवल में पहुंचे कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी एडवेंचर स्पोर्ट्स का आनंद उठाया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने राइफल शूटिंग और आर्चरी में हाथ आजमाए। एडवेंचर स्पोर्ट्स के मैनेजर प्रशांत कुमार मसीह ने बताया कि से अलग-अलग एक्टीविटी की जानकारी भी ली। संचालकों ने बताया कि साहसिक खेलों में लोगों के लिए जोर्विंग, एटीवी, आर्चरी, रायफल शूटिंग, वॉटर जॉर्गिंग, वोलक्लामिंग, कमांडो नेट सहित अन्य तरह के 25 के लगभग एडवेंचर उपलब्ध हैं। जागृति पार्क में स्टोन आर्ट फेस्टिवल के दौरान अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और इसके अंतर्गत लोग साहसिक खेलों का लुत्फ भी उठा सकें, एचवेंचर स्पोर्ट्स की व्यवस्था की गई है।

# टोलियों ने शानदार नृत्य से मन मोहा



## दलीपुर में उत्साहपूर्वक मना गोपाष्टमी महोत्सव





**कटनी।** गोपाष्टमी के अवसर पर पिछले साल की तरह इस साल भी कोरोना गाइडलाइन के कारण शोभायात्रा का आयोजन नहीं हुआ। इसी कड़ी में रीठी तहसील के ग्राम दलीपुर में गोपाष्टमी महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में गांवों से आई टोलियों ने शानदार नृत्य प्रस्तुत करते हुए मन मोह लिया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत सरपंच भगवत यादव, नारायण यादव, सल्लू यादव व उनकी टीम के नेतृत्व में किया गया, जिसमें 15 गांव की टीमों द्वारा भाग लिया गया एवं उत्कृष्ट नृत्य प्रस्तुत करते हुए लोगों का मन मोह लिया।

इस अवसर पर ग्रामीण यादव समाज के अध्यक्ष बद्री यादव, शहर यादव समाज के अध्यक्ष बसंत यादव, भाजयुमो जिलाध्यक्ष मृदुल द्विवेदी, कांग्रेस नेता राजकिशोर यादव, कमलेश यादव, रामदयाल यादव, रामलला यादव, राकेश यादव, कल्लू यादव, रामकिशन यादव, अवधेश यादव, राकेश यादव, राम दयाल यादव, राकेश लोधी आदि की उपस्थिति रही। इस अवसर पर गोपाष्टमी महोत्सव समिति के अध्यक्ष अब्दुल कादिर मुन्ना भाई एवं शिव कुमार यादव जालिम ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए सभी टीमों को पुरस्कार वितरण किया। अंत में प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम समापन की घोषणा की गई। सभी लोगों ने एक स्वर में कहा कि अगले वर्ष और बड़े रूप में यह आयोजन किया जावेगा। यह यादों की पहचान है और उनकी इस संस्कृति को बचाए रखना सभी का दायित्व बनता है। समाज को संगठित करते हुए इस कार्यक्रम को और विस्तृत किया जावेगा।

# कंगना के अशोभनीय बयान ने किया सेनानियों का अपमान

## आजादी की पुस्तकें भेजकर कहा-पढ़कर करें दिमाग का शुद्धीकरण



**कटनी।** अभिनेत्री कंगना रनावत के आजादी को लेकर अशोभनीय बयान पर एनएसयूआई ने कड़ा ऐतराज जताते हुए वीर शहीदों और आजादी के लिए संघर्ष करने वाले वीर सपूतों को अपमानित करने वाली घिनोनी सोच बताया है। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज कुंदन के निर्देश पर कटनी जिलाध्यक्ष व राष्ट्रीय संगठक दिव्यांशु मिश्रा अंशु ने आजादी से संबंधित 3 पुस्तकें डिस्कवरी ऑफ इंडिया, द भगत सिंह रीडर्स और इंडिया आफ्टर गांधी कंगना के पते पर पोस्ट करते हुए कहा है कि पुस्तके पढ़कर आजादी की वास्तविकता को जानने के साथ, वो अपने दिमाग में भरे कीचड़ को साफ करते हुए देश से माफी मांगे। अंशु मिश्रा ने कहा कि भाजपा राज में विकृत मानसिकता वालों को सम्मानित कर इतिहास को तोड़कर अंतरराष्ट्रीय स्तर देश की छवि गिराने की कोशिशें हो रही है। भाजपा और सरकार की शह पर ऐसी घृणित बयानबाजी कर शहीदों, स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान किया जा रहा है, यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। एनएसयूआई ने मांग की है कि कंगना पर कानूनी कार्यवाही के साथ उन्हें दिया हुआ पद्मश्री सम्मान तत्काल वापस लिया जाए। एनएसयूआई शहीदों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी और देश की प्रतिष्ठा बनाये रखने के साथ भीख में पुरस्कार लेने वाली सिरफिरी नेत्री के खिलाफ कार्यवाही के लिए संघर्ष करेगी।


## सिटी मॉल बरही रोड में

बॉलीवुड की धमाकेदार मूवी, आ रही है पुलिस.......




रोजाना 6 शो ता. 12 से दोपहर 12.30, 3, 5.45, 6.30, 8.30 एवं 9.30 बजे से


**सूर्यवंशी**

कलाकार- अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह, जैकी श्राफ, जावेद जाफरी आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है

## सिटी मॉल बरही रोड में

हॉलीवुड की धमाकेदार मूवी




रोजाना 2 शो ता. 12 से दोपहर 12 एवं 3 बजे से

**ETERNALS (हिन्दी में)**

कलाकार- जेमा चेन, रिचर्ड मेडन, डॉन ली, सलमा हयाक, लॉरेन रिडलॉफ आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है


### जवाहर नवोदय विद्यालय लेटरल एन्ट्री परीक्षा 9 अप्रैल को

**कटनी।** जवाहर नवोदय विद्यालय बड़वारा में सत्र 2022-23 के लिये कक्षा नवमीं में रिक्त स्थानों पर प्रवेश के लिये जवाहर नवोदय विद्यालय लेटरल एन्ट्री परीक्षा 2022 का आयोजन 9 अप्रैल 2022 को होगा। इस परीक्षा में शामिल होने के लिये ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 नवम्बर 2021 निर्धारित की गई थी। जिसे अब बढ़ाकर 30 नवम्बर 2021 कर दिया गया है। इस संबंध में जानकारी विद्यालय की वेबसाईट पर उपलब्ध करा दी गई है।


## नीरज सिनेप्लेक्स में




बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म

रोजाना 3 शो ता. 12 से दोपहर 12, 3 एवं 6 बजे से

**सूर्यवंशी**

कलाकार-अक्षय कुमार, अजय देवगन, रणवीर सिंह आदि।

एडवांस बुकिंग चालू है


## नीलिमा ❤ से

### रूमानी मिजाज



ये सर्द मौसम और इसके रूमानी मिजाज
गुलाबी अहसास लरजते पिघलते ज़ज्बात

हरी घास चमकती ओस की शफफाक बूंद
बादलों से छनकर आती सुनहरी गुनगुनी धूप

कोहरा, सीली हवा, ठंडे पाँव गरम लिहाफ
शबाब पर चढ़ती ठंड और मरमरी ख्वाब

कांपते ठंडे बर्फीले हाथ, ये सांसों की भाप
धुएं के मुलायम रूई से फाहे अलाव की गर्म ताप

फूलों की कोमल नर्म पंखुड़ियां सुवासित बयार
जैसे नयी नवेली दुल्हन की मेहंदी सुर्ख निखार

ये सर्द मौसम और इसके रूमानी मिजाज
गुलाबी अहसास लरजते पिघलते ज़ज्बात !!!

**- नीलिमा पाठक सामंतरे**

यशभारत

# सिटी न्यूज

कटनी, रविवार, 14 नवम्बर 2021

आज की खबर अभी , आप रहें घर पर
सोशल मीडिया के प्लेटफार्म पर यशभारत
www.yashbharat.com
https://www.facebook.com/yashbharatnews/
YASHBHARAT-Epaper







## कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल में फूड फेस्टिवल का आयोजन, विभिन्न व्यंजनों के लगाए गए स्टॉल


# इडली, डोसा के साथ लोगों ने लिया लिट्टी-चोखा का स्वाद

**कटनी।** जागृति पार्क शनिवार को तरह-तरह के व्यंजनों की खुशबू से महकता रहा। लोगों ने परिवार सहित जहां इडली-डोसा का लुत्फउठाया तो लिट्टी चोखा और माजून व सोया मोमोस भी का स्वाद भी लिया। जागृति पार्क में कटनी के स्टोन को बढ़ावार देने कटनी स्टोन ऑर्ट फेस्टिवल आधारशिला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें शनिवार को स्टोन आर्ट फेस्टिवल के साथ ही फूड फेस्टिवल का आयोजन भी किया गया। फूड फेस्टिवल के दौरान शहर की अलग-अलग संस्थाओं की महिलाओं ने अपने फूड के स्टॉल लगाए और लोगों ने परिवार सहित पहुंचकर व्यंजनों का जमकर स्वाद लिया। यह फूड फेस्टिवल 14 नवम्बर के साथ ही 27 एवं 28 नवम्बर को भी जागृति पार्क में आयोजित होगा।



फूड फेस्टिवल में महिलाओं ने 11 स्टॉल लगाए थे। जिसमें लिट्टी-चोखा का स्टॉल लगाया गया तो माजून व सोया मोमोस का स्टॉल भी लोगों को काफी पसंद आया। इडली, डोसा के साथ ही साउथ इंडियन, चाइनीज व्यंजनों के स्टॉलों में भी लोग परिवार सहित पहुंचे। फूड फेस्टिवल के दौरान गृह उद्योग के लजीज पापड़, बड़ी, आचार भी उपलब्ध रहे तो गक्कड़-भर्ता व देशी व्यंजनों के स्टॉल भी लगाए गए थे। इसके अलावा महिलाओं द्वारा बनाई गई सजावटी सामग्री का स्टॉल भी फूड फेस्टिवल के दौरान लोगों के आकर्षण का केन्द्र रहा। कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने भी फूड फेस्टिवल के दौरान स्टॉलों का भ्रमण किया और अधिकारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

## एसकेपी कॉलोनी में रामलीला का मंचन



**कटनी।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिवमंदिर एसकेपी कॉलोनी बाबू जगजीवन राम वार्ड के रामलीला मैदान में रामलीला प्रारंभ हो गई है। रामलीला समिति के संयोजक राजेश शान भाई ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत कई वर्षों से जनसहयोग से शिवमंदिर में रामलीला का आयोजन किया जाता रहा है। कोरोनाकाल की त्रासदी के कारण विगत वर्ष आयोजन नही किया गया था। रामलीला आयोजित कराने का प्रमुख उद्देश्य आज की पीढ़ी को भगवान राम की लीलाओं और उनके सद्गुणों से अवगत कराना है। उन्होंने समस्त क्षेत्रवासियों से प्रतिदिन शाम 7 बजे से रात्रि 12 बजे तक कार्यक्रम स्थल पर पहुंचकर रामलीला का पुण्यलाभ अर्जित करने की अपील की है।

## जिला न्यायाधीश ने किया दीनदयाल अंत्योदय रसोई का निरीक्षण



**कटनी।** शनिवार को जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दिनेश कुमार नोटिया, ने रविवार 14 नबम्बर को फारेस्टर ग्राउण्ड कटनी में आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता शिविर/मैगा कैम्प की आवश्यक तैयारियों का जायजा लिया गया। अपने वजिट में उन्होने दीनदयाल अंत्योदय रसोई का औचक निरीक्षण कर रसोई की साफ-सफाई, पेय जल एवं भोजन की गुणवत्ता की जांच की। इसके साथ ही जिला न्यायाधीश एवं सचिव श्री नोटिया ने रसोई में उपस्थित लोगों को आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अंतर्गत 14 नबम्बर को फारेस्टर ग्राउंड कटनी में आयोजित होने वाले वृहद विधिक साक्षरता शिविर एवं मेगा कैम्प के संबंध में जानकारी दी। श्री नोटिया ने बताया कि उक्त वृहद विधिक साक्षरता शिविर/मेगा कैम्प में विभिन्न विभागों से संबंधित स्टॉल लगाये जायेगे, जिनमें हितग्राहियों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जायेगा।

## कलाकृतियों की ली जानकारी, शिल्पककारों का बढ़ाया उत्साह





**कलेक्टर ने जागृति पार्क में आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल का किया निरीक्षण**

**कटनी।** एक जिला एक उत्पाद के अंतर्गत चयनित कटनी के स्टोन को बढावा देने जागृति पार्क माधवनगर में 20 दिवसीय कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें देशभर से आये शिल्परकार कटनी के स्टोन पर कलाकृतियां बना रहे हैं। शनिवार को कलेक्टोर प्रियंक मिश्रा ने जागृति पार्क पहुंचकर शिल्पकारों का उत्साहवर्धन किया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने शिल्पकारों से उनके द्वारा बनाई जा रही कलाकृतियों के संबंध में जानकारी ली और उनका उत्सााह बढाया। शिल्पकारों ने कलेक्टर श्री मिश्रा को कटनी के स्टोन की खासियत के संबंध में भी जानकारी दी। साथ ही कार्यक्रम की सराहना भी की।

कलेक्टर श्री मिश्रा सपत्निक एक-एक शिल्पकार के पास पहुंचे और उनके द्वारा कौन सी थीम पर काम किया जा रहा है, उसकी जानकारी व खासियत जानी। कलेक्टर ने शिल्पकारों को दी जा रही सुविधाओं के संबंध में भी जानकारी ली। इस दौरान सहायक कलेक्टर अंजली रमेश सहित अन्य अधिकारी व आयोजन समिति के सदस्य मौजूद थे।

## संविदा विद्युत कर्मियों को भी मिलेगी रूकी वेतन वृद्धि

**कटनी।** पावर मैनेजमेंट कंपनी द्वारा 2 नवंबर को नियमित कंपनी कर्मियों, जिन्हें जुलाई 2020 अथवा जनवरी 2021 के वार्षिक वेतन की काल्पनिक रूप से पात्रता है, को जुलाई 2021 एवं जनवरी 2021 को देय वार्षिक वेतन वृद्धि के परिणामस्वरूप देय एरियर्स का भुगतान माह नवंबर 2021 के साथ प्रारंभ करते हुये 6 समान किश्तों में दिये जाने संबंधी आदेश प्रसारित किया गया है। अब निर्णय लिया गया है कि उक्त आदेश में किए गये प्रावधान कंपनी के स्थायी कर्मी एवं संविदा पर नियोजित सेवायुक्तों, जिन्हें वेतनवृद्धि दी जानी है पर भी प्रभावशील होगें।

## 7 लोगों पर चालानी कार्यवाही



**कटनी।** कोरोना महामारी के बचाव हेतु नगर में जहां एक ओर निरंतर वैक्सीनेशनन अभियान चलाया जा रहा है वहीं दूसरी ओर कोरोना गाईडलाईन का पालन न कर सार्वजनिक स्थलों मे बिना मास्क घूमनें वालों पर जुर्मानें की कार्यवाही की जा रही है। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी नें जानकारी देते हुए बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निदेशन में आज संध्या माधवनगर जोन क्रमांक 4 में अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान 7 व्यक्तियों द्वारा मास्क का उपयोग न कर सार्वजनिक स्थलों पर घूमनें पर 700 रूपये के जुर्माने की कार्यवाही की जाकर संबंधितों को मास्क लगाकर ही सार्वजनिक स्थलों में घूमनें की हिदायत दी गई।

## भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ





**विजयराघवगढ़।** एतिहासिक धार्मिक नगरी में ठाकुर जी व किशोरी जू अहैतु की कृपा से श्री द्वारकाधीश मंदिर प्रांगण थाना रोड में अनंत श्री विभूषित स्वामी 1008 श्री इंद्र रमण जी महाराज जियर मठ पुरी के श्री मुखार बिंद से श्रीमद्भागवत साप्ताहिक कथा ज्ञान यज्ञ श्रवण हेतु आयोजन किया गया है, जिसके आरंभ में समस्त देवी देवताओं का कथा स्थल में आचार्यो द्वारा आवाहन कर षोडशोपचार पूजन सम्पन्न कराया गया। इसके उपरांत विशाल कलश यात्रा निकाली गई, जो नगर भ्रमण करते हुए आजाद चोक पचमठा धाम से भृमण करते हुए कथा स्थल पहुचकर स्वामी जी की आगवानी कर अर्घ देकर वेदमंत्रो से पूजन अर्चन कर व्यासगद्दी में आसीन कराया गया, जहां परम पूज्य स्वामी जी की अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा का आरंभ किया गया इस अवसर पर आचार्य कृष्ण दास पांडे वेदाचार्य राकेश उरमलिया, जागेश्वर प्रसाद मिश्र, सुंदर लाल गुप्ता रखोलिया, मनोज कुमार गुप्ता, दुर्गा प्रसाद गुप्ता, रमेश नीखरा, संतोष नीखरा, किशोर बजाज, विनोद बरसैंया, कमलेश बड़ेरिया, नरेश बेनी बिलैया, कृष्णकुमार गुप्ता, शिव राम गुप्ता, मुन्नू गुप्ता सहित द्वारका आईटीआई कम्प्यूटर कॉलेज हुनर आईटीआई का समस्त स्टाफ सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही।

किराये से देना है
सिंगल रूम अटैच- 3000 प्रतिव्यक्ति
सर्विस वालों एवं ऑफिस के लिए- 5000 दो व्यक्ति
पता- बीजेपी कार्यालय के सामने
जबलपुर रोड बरगवां कटनी (म.प्र.)
मो. 8109417340

## बच्चों ने मंच से किया कविता पाठ, तालियों से लोगों ने बढ़ाया उत्साह









**कटनी।** जागृति पार्क में आयोजित कटनी स्टोन आर्ट फेस्टिवल आधारशिला के दौरान बाल दिवस पर बच्चों के लिए दो दिवसीय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार की शाम को जागृति पार्क में बच्चों के बीच भाषण व कविता पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में लगभग 20 स्कूलों के 25 बच्चों ने सहभागिता की। बच्चों ने मंच से कविता पाठ किया और उपस्थिजनों ने उनका तालियों के बीच उत्साहवर्द्धन किया। बच्चों ने स्व रचित व जाने-माने कवियों की कविताओं की मंच से प्रस्तुति दी। सहायक कलेक्टर अंजली रमेश ने बताया कि भाषण व कविता प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों के विजेताओं की घोषणा 14 नवंबर को जागृति पार्क में आयोजित कार्यक्रम के दौरान की जाएगी।

mgm HOSPITAL We Cure with Care
एम.जी.एम. हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च सेन्टर
फारेस्टर प्लेग्राउंड के सामने कचहरी चौक, कटनी
मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ. हर्ष सक्सेना डी.एन.बी. एम.सी.एच. न्यूरो सर्जरी
(दिनांक-14/11/2021 समय प्रात : 10 :30 बजे से दोपहर 02 :00 बजे तक )
।।(उपलब्ध उपचार)।।
सिर एवं रीढ़ की चोट, दिमाग एवं रीढ़ के ट्यूमर, ब्रेन हैम्रेज, लकवा रोग, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन दर्द, नसों के रोग, मिर्गी रोग, सिर दर्द, माईग्रेन, दिमाग का बुखार, बच्चों में बड़ा सिर, दिमाग और रीढ़ की टी.वी., बच्चों के रीढ़ के फोड़े एवं लकवा, समस्त न्यूरो संबंधी बीमारियों का अत्याधुनिक पद्धति द्वारा ऑपरेशन एवं इलाज, लकवा रोग ग्रसित मरीजों के लिए पुर्नवास प्रशिक्षण सुविधा, जटिल मिर्गी रोग का दवाईयों द्वारा सफल इलाज एवं दुर्घटना।
हर माह के दूसरे रविवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक उपलब्ध रहते हैं।
नोट- असुविधा से बचने के लिए रजिस्ट्रेशन अवश्य करायें।
फोन नंबर- 07622- 405070-71-72

# 15 नवंबर से शुरू होंगे सभी आंगनबाड़ी केंद्र

## आइए आंगनबाड़ी थीम पर होंगे कार्यक्रम

**कटनी।** प्रदेश में कोविड-19 के संक्रमण के दृष्टिगत हितग्राहियों की सुरक्षा के लिए आँगनबाड़ी केंद्रों का संचालन स्थगित किया गया था। राज्य शासन ने कोविड-19 के संक्रमण से बचाव की मानक संचालन प्रक्रिया का पालन कर आँगनबाड़ी केंद्र प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। संचालक महिला बाल विकास डॉ राम राव भोसले ने बताया कि प्रदेश में 15 नवंबर से आँगनबाड़ी केंद्रों का संचालन जन-प्रतिनिधियों की उपस्थिति में हितग्राहियों के साथ आइए आंगनबाड़ी थीम पर समारोहपूर्वक प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आइए आंगनबाड़ी कार्यक्रम में समुदाय के सहयोग से स्थानीय खाद्य विविधता आधारित विशेष भोजन तैयार कर हितग्राहियों को परोसा जाएगा। डॉ. भोसले ने बताया कि आंगनबाड़ी केन्द्र प्रारंभ होने के बाद प्रतिदिन पूर्व की भांति नियत समय-सारणी अनुसार उनका संचालन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संक्रमण काल में 3 से 6 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों को रेडी टू ईट सामग्री का वितरण स्थगित रखा जाएगा। बच्चों को नाश्ता और गर्म पका हुआ खाना प्रदाय किया जाएगा। संचालक महिला बाल विकास डॉ राम राव भोसले ने बताया कि कोविड-19 महामारी संक्रमण काल में संक्रमण के फैलाव की रोकथाम के लिए आँगनबाड़ी केंद्रों का संचालन स्थगित किया गया था। इस अवधि में हितग्राहियों को वैकल्पिक पूरक पोषण आहार निरंतर उपलब्ध कराया गया। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर से आँगनबाड़ी केंद्र का संचालन एवं



सेवा प्रदाय करने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया जारी की गई है। आँगनवाड़ी केन्द्रों में तीन से 6 वर्ष तक की उम्र के बच्चों को लाने के लिये स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप जिला-स्तरीय क्राइसिस मैनेजमेंट कमेटी और जिला कलेक्टर द्वारा निर्णय लिया जायेगा। संचालक महिला बाल विकास डॉ. भोंसले ने बताया कि आंगनवाड़ी केन्द्रों में 65 वर्ष से अधिक आयु और बीमारी वाले व्यक्तियों का प्रवेश वर्जित रहेगा। गर्भवती महिलाओं और दस वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए गतिविधियों की प्राथमिकता के आधार पर कोविड से बचाव की सावधानियों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उन्होंने बताया कि आँगनवाड़ी के अंदर और बाहर तथा आसपास की स्वच्छता एवं कोविड संक्रमण से बचाव की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जायेगी। संक्रमण से बचाव के लिए मास्क, सेनिटाइजर और दो गज की दूरी आदि सुरक्षा उपायों का पालन भी करना अनिवार्य होगा।

## कुंदनदास स्कूल में छात्राओं को दी गई जानकारी

# अच्छे और बुरे स्पर्श को इस तरह पहचानें, रहें सावधान



**कटनी।** चिल्ड्रन डे के पूर्व शालेय विद्यार्थियों को जाने अनजाने व्यक्तियों के अच्छे और बुरे स्पर्श की विस्तृत जानकारी और आकस्मिक उत्पन्न होने वाली परिस्थितियों में अपनी सुरक्षा करने की बुनियादी जानकारी चाइल्ड हेल्पलाइन की समाजसेविका पायल जेतवानी ने कुंदनदास स्कूल में चौथी से आठवी तक के बच्चों को बताई। उन्हें चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 की जानकारी दी कि किस तरह यह टेलीफोनिक सेवाएं हमारी मदद करती हैं। कैसे कार्य करती है और किस तरह बच्चों की सुरक्षा के लिए यह बनाई गई है। शाला परिसर में उपस्थित छात्र-छात्राओं को उन्होंने बैड टच-गुड टच की बारीकियां बताईं और उन्हें दोनों टच की प्रवृत्ति का प्रदर्शन करके दिखाया। ऐसे बुरे स्पर्श की स्थिति आने पर बचाव सैल्फ डिफेंस पर जानकारी देते हुए बच्चों को सावधान किया कि आप अपने आपको संयत रखें और सहज रहते हुए मजबूती से विरोध करें। यह जानकारी आपको हमेशा काम आएगी और आत्मविश्वास के साथ आप इसका सामना कर सकते हैं। विद्यार्थियों को इससे सम्बंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। शालेय स्टाफ ने भी बच्चों को उद्बोधन दिया और आभार व्यक्त किया।

# जिला रोजगार कार्यालय में कैम्पस ड्राइव 17 नवम्बर को

### कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव के लिये होगा साक्षात्कार

**कटनी।** जिला रोजगार अधिकारी डी.के. पासी ने बताया कि जिला रोजगार कार्यालय एवं यशस्वी ग्रुप कटनी द्वारा कैम्पस ड्राईव का आयोजन 17 नवम्बर को किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय कटनी कलेक्ट्रेट परिसर कक्ष क्रमांक 125 में 17 नवम्बर की प्रातः 9.30 बजे से शाम 4 बजे तक कैम्पस ड्राई का आयोजन होगा। जिसमें रिलाईन्स जियो मार्ट के द्वारा कस्टमर सर्विस एग्जीक्यूटिव के लिये साक्षात्कार होगा। इस कैम्पस ड्राईव में शामिल होने के लिये प्रतिभागी के लिये निर्धारित शैक्षणिक योग्यता 12वीं पास होगी। इस दौरान प्रतिभागी को आवश्यक दस्तावेज, अंकसूची, आधार कार्ड, पैन कार्ड, ड्राईविंग लाईसेन्स, कोविड वैक्सीन की दोनों डोज लगे होने का प्रमाण पत्र साथ लाना अनिवार्य होगा। कैम्पस ड्राईव के लिये 18 वर्ष से 31 वर्ष तक के प्रतिभागी शामिल हो सकेंगे। इसके साथ ही न्यूनतम 6 माह का सेल्स में अनुभव तथा ड्राईविंग लाईसेन्स होना भी अनिवार्य होगा। कैम्पस ड्राईव के दौरान प्रतिभागियों को कोविड-19 गाईड लाईन का पालन करते हुये कार्यालय में मास्क लगाकर उपस्थित होने के लिये कहा गया है।

# पोर्टल पर पंजीकृत किसानों का पुन : होगा सत्यापन

### अपर कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को दिए कार्रवाई के निर्देश

**कटनी।** प्रदेश शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा समर्थन मूल्य पर योजना का लाभ वास्तविक किसानों को दिलाने के लिये पंजीयन में किसानों की भूमि एवं बोई गई फसल की सही जानकारी दर्ज करने के निर्देश जारी किये गये हैं। वर्तमान स्थिति में निर्धारित श्रेणियों के 99.6 प्रतिशत रकबे के सत्यापन के उपरांत कुल रकबे में सिर्फ 0.46 प्रतिशत की कमी हुई है, जबकि विगत वर्ष में 2.28 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई थी। अपर कलेक्टर रोमोनुट टोप्पो ने बताया कि जिले में सत्यापन उपरांत रकबे में न्यून कमी को लेकर प्रमुख सचिव खाद्य द्वारा पुनः गंभीरता पूर्वक सत्यापन के निर्देश दिये गये है। इस संबंध में अपर कलेक्टर ने जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तथा तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को आवश्यक कार्रवाई के लिये निर्देशित किया है। जारी निर्देशों में कहा गया है कि 10 दिवस में किसान पंजीयन का पुनः गंभीरता पूर्वक सत्यापन करते हुये ई-उपार्जन पोर्टल पर वास्तविक रकबे एवं पंजीयन की जानकारी दर्ज करायें। साथ ही प्रगति विवरण से प्रतिदिन अवगत भी कराया जाये।

# कॉलेज रोड निर्माण की मांग को लेकर अभाविप ने किया प्रदर्शन






**कटनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने विजयराघवगढ़ में कॉलेज के विद्यार्थियों को लेकर उग्र प्रदर्शन कर अपनी मांगों को प्रशासन को संज्ञान में लाया। महाविद्यालय के लिए जिस भूमि का आवंटन खेल मैदान के लिये किया गया गया है, उसका कहीं भी पता नहीं है। आसपास के भू-माफियाओं द्वारा कब्जा कर खेती की जाती है। अगर कॉलेज प्रशासन इस पर आपत्ति लेता है, तो भू-माफिया उनको डरा धमका कर चुप करवा देता है, जबकि महाविद्यालय का प्रशासक अनुविभागीय अधिकारी होता है, लेकिन उनके द्वारा कभी भी निरीक्षण नहीं किया जाता है। खेल मैदान का उपयोग छात्र नहीं कर पा रहे हैं। इन सभी परेशानियों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने नगर में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगों को रखा। आजाद चौक में सभी मार्गो को बंद कर प्रदर्शन किया। मौके पर एसडीएम ने आकर ज्ञापन लिया, तब छात्रों ने अपना प्रदर्शन खत्म किया। छात्रों ने कहा कि अगर हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है, तब हम प्रदर्शन के साथ ही खुद ही तसला फावड़ा गेंती लेकर खुद ही निर्माण करेंगे। प्रदर्शन में जिला संयोजक सिप्तैन रजा जिला सह संयोजक सीमांत दुबे, भाग संयोजक सुभान अली, भोले मिश्रा, नगर मंत्री मोनू चौधरी, विपिन गुप्ता, तरुण पांडेय, नेहा गुप्ता, पूजा जायसवाल, महिमा पाण्डेय आदि छात्रों ने हिस्सा लिया।

# 19 दुकानों की आवंटन प्रक्रिया में मनमानी

### ग्राम पंचायत बिलहरी में प्रस्ताव डालकर नियमानुसार प्रक्रिया अपनाने की मांग



**कटनी/रीठी।** रीठी तहसील के अंतर्गत जनपद पंचायत रीठी की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत बिलहरी के वार्ड क्रमांक 16 के वार्ड मेंबर मदन चौरसिया ने आरोप लगाया है कि ग्राम पंचायत की निर्मित दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं अपनाई जा रही है। उन्होंने कहा कि इनमे से 8 दुकानों को ग्राम पंचायत आवंटित कर रहा है, बाकी 11 दुकानों की नीलामी करने की आवंटन प्रक्रिया करवाएगा। ऐसा जानकारी में बताया गया है। उनका कहना है कि नीलामी के बाद पूंजीपति पैसे वालों के पास यह दुकानें चली जाएंगी। ऐसे में अन्य गरीबों के साथ अन्याय होगा, जिसके चलते वास्तविक जरूरतमंद लोग वंचित रह सकते है। आरक्षण प्रक्रिया, आवंटन के मापदंड नियमानुसार हो, ऐसी वार्ड मेम्बर मदन चौरसिया ने मांग की है। समस्त दुकानों का आवंटन हो, जब उक्ताशय को लेकर प्रभारी सचिव राजेन्द्र महोबिया से पूरे मामले की जानकारी जानना चाही तो उनसे फोन द्वारा संपर्क नहीं हो सका। बहरहाल वार्ड मेम्बर मदन चौरसिया ने सचिव राजेन्द्र महोबिया पर विश्वास जताया है कि 19 दुकानों की आवंटन प्रक्रिया पर सचिव द्वारा नियमो का पालन किया जाएगा। अगर ऐसा नहीं किया गया तो कार्यवाही के लिए उच्चाधिकारियों का ध्यान आत्कृष्ट कराया जाएगा।

## श्रीमती उर्मिला शुक्ला का निधन

**कटनी।** नगर निगम के निवर्तमान अध्यक्ष एनकेजे निवासी संतोष शुक्ला की वयोवृद्ध मातुश्री पूर्व पार्षद श्रीमति उर्मिला शुक्ला का विगत दिवस आकस्मिक निधन हो गया। वे 80 वर्ष की थीं। उनके निधन से पूरे एनकेजे क्षेत्र में शोक व्याप्त हो गया। उनकी अंतिम यात्रा एनकेजे स्थित निवास से निकाली गई। अंतिम संस्कार एनकेजे मुक्तिधाम में किया गया। अंतिम संस्कार के पश्चायत आयोजित शोकसभा में उपस्थित सभी वर्गों के लोगों ने दो मिनट का मौन धारण करते हुए परमपिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल शुक्ला परिवार पर आए इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की।




### विधायक संजय पाठक ने जताया शोक

नगर निगम के निवर्तमान अध्यक्ष संतोष शुक्ला की वयोवृद्ध मातुश्री पूर्व पार्षद श्रीमति उर्मिला शुक्ला के आकस्मिक निधन पर विजयराघवगढ़ क्षेत्र के विधायक पूर्व मंत्री संजय सत्येन्द्र पाठक ने गहन शोक व्यक्त करते हुए भावभीनी श्रद्धाजंलि अर्पित की है।

## पूर्व विधायक के निधन पर शोक

**कटनी।** अभा वैश्य महापरिषद व जन लोक मोर्चा के संयुक्त तत्वाधान में एक शोकसभा प्रदेशाध्यक्ष अनिरुद्ध बजाज के निवास पर हुई। शोकसभा में पूर्व विधायक व वरिष्ठ पत्रकार चंद्रदर्शन गौर के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। शोकसभा में समाजसेवी सुनील रांधेलिया ने कहा कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता चंद्रदर्शन गौर के निधन से कटनी जिले को अपूर्णीय छति पहुंची है, जिसकी पूर्ति असंभव है। शोकसभा में एडवोकेट राजेश दीक्षित, डॉ हरीश बजाज, राकेश जैन कक्का, सुरेंद्र विश्वकर्मा, राजकिशोर यादव, प्रमोद मिश्रा, संतू परोहा, श्याम तिवारी, प्रकाश जैन, अक्षय बजाज, अनंत गुप्ता, राजू रजक, डॉ वीरेंद्र खम्परिया, मनोज बाझल, सुभाष मालाकार, महेंद्र सिंह राजपूत, अंतु पांडेय, हसन राशिद, आर के बक्शी, संजय गुप्ता, एडवोकेट पीएल त्रिपाठी की उपस्थिति रही।

# वेंकट वार्ड में सामूहिक दलेल के माध्यम से कराई गई विशेष सफाई





### दैनिक सफाई व्यवस्था के तहत नगर के मुख्य एवं अन्य मार्गो पर चला सफाई अभियान

**कटनी।** नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वेंकट वार्ड में विशेष सफाई अभियान चलाया जाकर वार्ड के विभिन्न मुख्य एवं अन्य मार्गो की सार्वजनिक सडकों एवं नालियों की सफाई का कार्य कराया गया। प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें बताया कि निगमायुक्त सत्येन्द्र सिंह धाकरे के निर्देशन में नगर की सफाई व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए आज अभियान के तहत निगम के स्च्छता दूतों की सामूहिक दलेल द्वारा शास्त्री कॉलोनी के विभिन्न स्थलों, रेल्वे लाईन के पास स्थित बड़े नाले, खिरहनी ओव्हर ब्रिज के नीचे सहित वार्ड की मुख्य एवं अन्य गलियों की सफाई का कार्य किया जाकर एकत्रित कचरे को कचरा प्लांट भेजा गया। स्वच्छता निरीक्षकों के मार्गदर्शन में नगर के अन्य स्थलों की सफाई व्यवस्था के तहत साधूराम स्कूल, सिवल अस्पताल मार्ग, स्टेट बेंक तिराहा, चौपाटी फूल मंडी, एम.जी.एम तिराहा, झंडा बाजार बस स्टेण्ड, आदर्श कॉलोनी,सागर पुलिया की नालियों की सफाई उपरान्त निकली सिल्ट के उठाव का कार्य सी.एल.पी पाठक वार्ड के विभिन्न स्थलों, वीर सावरकर वार्ड शनि मंदिर रोड, शिवाजी वार्ड मस्जिद पहुंच मार्ग, कावस जी वार्ड में शमशान भूमि बारडोली कॉलेज के सामने वाली झाडियों की कटाई, जिला न्यायालय स्थित सुलभ काम्पलेक्स परिसर सहित नगर के अन्य स्थलों में सफाई का कार्य कराया गया। नगर के मुख्य मार्गो के डिवाईडर की सफाई व्यवस्था के तहत मिशन चौक, बरगवां ओव्हर ब्रिज के नीचे, कटायेघाट मोड, माधवनगर गेट, पीरबाबा, कुठला पुल के डिवाईडरों के दौनों ओर की सफाई कराई जाकर कचरे के उठाव कार्य सहित मुख्य मार्गो के कचरे के प्वाइंटों एवं डस्टबिन की सफाई का कार्य कराया जाकर नगर को साफ एवं स्वच्छ रखनें के प्रयास किये गए। नगर की नालियों के कचरे की सफाई कार्य के तहत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड स्थित आरिफभाई जान के घर के पीछे, राम मनोहर लोहिया वार्ड प्रजतापति मोहल्ला, जालपा देवी वार्ड विजय रोलिंग शटर गली, प्रवीण जैन गली, नई बस्ती आंगनबाडी गली, कावसजी वार्ड विवेकानंद चौक के पीछे टावर वाली और अज्जू पटैल के सामनें वाली नाली सहित नगर के अन्य स्थलों के नाले एवं नालियों के अपशिष्ट की सफाई का कार्य किया गया।

न्यूनतम मूल्य में पाएं अधिकतम लाभ
यश भारत
कलर क्लासीफाइड

| | | |
|---|---|---|
| 1 दिन | – | 150/– |
| 3 दिन | – | 250/– |
| 7 दिन | – | 500/– |
| 15 दिन | – | 1200/– |
| 30 दिन | – | 1800/– |

साईज– 5x1
आवश्यकता, खरीदना–बेचना
अपने व्यापार को बढ़ावा दें
बुकिंग हेतु संपर्क करें
यश भारत
कचहरी चौक, कटनी
फोन:– 07622–230033
Email :- katni@yashbharat.com

सिटी न्यूज
www.yashbharat.com
अधिक खबरों के लिए लॉगिन करें
www.yashbharat.com
यश भारत
कटनी, रविवार 14 नवम्बर 2021
फोन- 230033


## धूमधाम से मनाया गया आचार्य श्री कुलरत्नभूषण महाराज का पिच्छिका परिवर्तन समारोह





### जैन बोर्डिंग हाउस में 250 से ज्यादा बालक बालिकाओं का उपनयन संस्कार

**कटनी।** दिगम्बर जैन समाज पंचायत महासभा समिति के तत्वाधान एकादशी पर्व पर नगर में चातुर्मास कर रहे आचार्य श्री कुलरत्नभूषण महाराज का भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह बड़ी धूमधाम एवं श्रद्धा भक्ति के साथ जैन बौर्डिंग हाउस परिसर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 250 बालक-बालिकाओं का मौजी बंधन उपनयन संस्कार के पश्चात कुमारी बलिकाओं को अष्टमूल गुण संस्कार से संस्कारित किया गया। इसके उपरांत श्रीजी का महामस्तकाभिषेक श्रद्धालुओं द्वारा किया गया। बंगला जैन मंदिर महिला मंडल द्वारा लाई गई पूजन सामग्री के आर्चा श्री जी का पूजन किया गया। इस अवसर पर आचार्य श्री कुलभूषणरत्न महाराज ने धर्मसभा को संबोधित करते हुये कहा कि चार्तुमास निष्ठापन के पश्चात् साधु-साध्वी मोर के कोमल पंखों से बनी पिच्छिका संयम का व्रत लेने वाले धर्मानुरागियों को पुरानी पिच्छिका देकर नई पिच्छिका लेते है। आचार्य श्री ने बतलाया कि राष्ट्रीय पक्षी मोर के पंख कोमल होते है। इससे सूक्ष्म से सूक्ष्म जीवों की विरादना हत्या नहीं होती, इसलिए मोर के पंख झरने के बाद उन्हें एकत्रित कर उन पंखों से संयम का उपकरण पिच्छिका का निर्माण भक्तगण कर संयम का व्रत लेकर साधु-साध्वियों को प्रदान करते है। पाद प्रच्छालन ब्रम्हचारणी बहनों द्वारा, वात्सल्य भोज की व्यवस्था आराधना राकेश जैन कक्का द्वारा की गई। इस अवसर पर कार्यक्रमस्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर धर्मलाभ लिया। कार्यक्रम का संचालन विकास जैन व रुचि जैन द्वारा किया गया। आचार्य श्री जी की पुरानी पिच्छी लेने का सौभाग्य महावीर प्रसाद अष्टगे को एवं आचार्य श्री को नई पिच्छी जैन समाज कटनी द्वारा भेंट की गई।

# वेक्सीनेशन के बाद गर्भवती महिला के गर्भस्थ शिशु की मौत

### परिजनों ने लगाया जबरदस्ती टीका लगाने का आरोप, टीका लगने के बाद बिगड़ी थी तबीयत

**कटनी।** बरही तहसील के नदावन गांव में एक गर्भवती महिला के कोख में पल रहे 8 महीने के बच्चे की वेक्सीनेशन के बाद मौत का मामला सामने आया है। परिजनों का आरोप है कि वेक्सीनेशन के बाद ही महिला की तबियत बिगड़ी और उसके बच्चे की मौत हो गई। उधर स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि वेक्सीनेशन से किसी भी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं होता है। परिजनों का आरोप निराधार है। बरही बीएमओ डॉ. राममणि ने इस पूरे मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि महिला को दो दिन पहले कोरोना का टीका लगाया गया था, जिसके बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई थी। अस्पताल ले जाने पर सोनोग्राफी कराने को कहा गया, जिसमें बच्चे की मौत की बात सामने आई। ऑपरेशन कर बच्चे को निकाला गया। महिला की हालत गंभीर होने पर उसे जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। नदावन गांव निवासी गर्भवती महिला के ससुर मंगल काछी ने बताया कि 10 नवंबर को घर पर बहू अकेले थी। इसी दौरान आशा कार्यकर्ता घर पर पहुंची। उसके द्वारा बहू से 8 महीने वाला टीका लगवाने की बात कही गई। बहू को ले जाकर गर्भवती महिला को आठ महीने वाला टीका लगाने की बजाय कोरोना की वैक्सीन लगवा दी गई। उनका आरोप है कि वैक्सीन लगवाने के बाद रात में तबीतय खराब हुई। जिस पर सुबह उसे बरही अस्पताल लेकर गएए जहां से उसे कटनी रैफर कर दिया गया। कटनी में सोनोग्राफी कराई गई। जिसमें डॉक्टर ने बताया कि बच्चे की मौत हो चुकी। बरही बीएमओ डॉ. राममणि का कहना है कि कोरोना का टीका जबरदस्ती या गुमराह कर लगवाया गया है, तो इसकी जांच की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में यह बताया गया है कि बच्चे की मौत 5-6 दिन पहले मौत हो चुकी है। बीएमओ बताया कि पिछले दो महीने से गर्भवती महिलाओं को कोरोना का टीका लगाया जा रहा है। मामले की जांच की जा रही है।

**स्वास्थ्य विभाग ने शुरू की मामले की जांच**

# घर-घर देवउठनी एकादशी की तैयारियां

**कटनी।** कल देवउठनी एकादशी पर घर-घर में भगवान विष्णु की पूजा अर्चना और माता तुलसी व शालिगराम का विवाह होगा। घरों में गन्ने के मंडप के नीचे तुलसी और शालिगराम के विवाह के साथ ही सभी मांगलिक कार्यों की शुरूआत हो जाएगी। देवउठनी ग्यारस को लेकर बाजारों में आज से ही चहल-पहल नजर आ रही। छोटी दीवाली के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व का अपना अलग महत्व है।

एक बार फिर सारा घर आंगन दीपकों की जगमग रोशनी से जगमगा उठेगा। ऐसी मान्यता है कि देवता चार माह के शयन के बाद एकादशी से जागते हैं और उनकी उपस्थिति में ही ग्यारस से शुभ कार्यों की शुरूआत होती है। जो मुहूर्त के हिसाब से आगे तक चलती है। हिन्दू धर्म में कार्तिक शुक्ल पक्ष की ग्यारस का विशेष महत्व है। यह भी कहा जाता है कि अयोध्या में भगवान राम के वन जाने के बाद किसी भी घर में 14 वर्ष तक कोई मांगलिक कार्य नहीं हुये थे। भगवान श्रीराम के वापस लौटने के बाद अयोध्यावासियों ने दिये जलाकर उनका स्वागत किया था तथा दस दिनों तक चले उत्सव का समापन ग्यारस को माता तुलसी और शालिगराम के विवाह के साथ हुआ था। कार्तिक शुक्ल एकादशी के अवसर पर तुलसी पूजन का उत्सव मनाया जाता है। हिन्दू धर्म में मान्यता है कि तुलसी का पौधा गंगा जमुना के समान पवित्र है। शास्त्रों में इस एकादशी को अनेक नामों से संबोधित किया जाता है। जिसमे प्रबोधिनी एकादशी, देवोत्थान एकादशी, देवउठान एकादशी आदि प्रमुख रूप से उल्लेखित हैं। एकादशी पर्व पर गन्ने, सीताफल, सिंघाड़े, बेर, मकोरा, अमरूद, चना की भाजी आदि मौसमी फलों की पूजा होती है, इसलिए बाजार में इन सामग्रियों की दुकानें लग गई हैं, जहां आज से लेकर कल तक खरीददारी का दौर जारी रहेगा।

पोस्ट कोविड समस्याओं के सही इलाज के लिए मिलें Pulmonologist
डॉ. स्मिता बजाज
MBBS, DTCD, CCEDM
टी.बी., दमा, श्वास, खांसी, एलर्जी एवं डायबटीज स्पेशलिस्ट
मौसम बदलने पर बार-बार खांसी आना, साल भर सर्दी बने रहना, एलर्जी की शिकायत होना एवं नींद में सीटी की आवाज आना
नोट- स्पायरोमीटरी (फेफड़ों की कम्प्यूटरीकृत जांच) एवं (एलर्जी टेस्टिंग) की सुविधा उपलब्ध है ।
संपर्क करे- डॉ. राजीव बजाज (शिशु रोग विशेषज्ञ)
कन्हैया हास्पिटल, माई नदी के पास बरही रोड, कटनी
फोन-07622-236253, मो. 6266203009

### चैक नाकों पर भी नहीं हो रही कार्यवाही, पुलिस की निष्क्रियता से कभी भी हो सकता है हादसा

# मालवाहक वाहनों में ढोई जा रही सवारियां, दुर्घटनाओं को न्यौता



**कटनी/रीठी।** तहसील रीठी क्षेत्र में इन दिनों कृषि कार्यों के नाम से खरीदे गए वाहनों का सवारी गाड़ियों की तरह इस्तेमाल हो रहा है। यहां की सड़क पर ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप जैसे अन्य वाहनों में सवारी ढोते देखा जा सकता है। पुलिस द्वारा किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से हर पल खतरा बना रहता है। गौरतलब है कि आबादी बढ़ने के साथ ही यातायात का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऐसे में ट्रैक्टर, मेटाडोर, पिकअप वाहन में लटककर भूसा जैसे सवारी भरकर यात्रा करने वालों से हमेशा सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बनी रहती है। ऐसा ही नजारा कल शनिवार को ग्राम बांधा से पहाड़ के रास्ते रीठी के सड़क मार्ग पर देखने में आया, जहां पिकअप वाहन में मजदूरों को कहीं ले जाया जा रहा था। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि अभी एक माह भी नहीं हुआ, जब इसी तरह से मजदूरों को ले जाते हुए एक मालवाहक वाहन ग्राम देवगांव के पास पलटा था। जो पन्ना जिला बोरी समीप ग्राम की चल्ली से कटनी की ओर जा रहे थे, जिसमें 2 मजदूरों की घटनास्थल पर मौत हुई थी, साथ ही अनेक मजदूर गंभीर घायल हुए थे, जिनको इलाज हेतु रीठी व जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था, बावजूद इसके बड़े पैमाने पर ग्रामीण इन वाहनों का उपयोग सवारी गाड़ी के रूप में किया जा रहा है। सड़क के प्रमुख चौक-चौराहों पर बेहतर पुलिसिंग के लिए पुलिस के जवान तैनात रहते हैं, पर ऐसे वाहनों के प्रति किसी तरह की कार्रवाई आखिर क्यों नहीं की जाती, क्या पुलिस द्वारा सड़क पर वाहन चेकिंग सिर्फ दिखावे खानापूर्ति और वसूली के लिए होती है।

रत्ना मैरिज गार्डन
मुड़वारा स्टेशन के पास
शहर के मध्य सुविधाओं से युक्त विशाल परिसर
बजट आपका व्यवस्था हमारी
एक बार अवश्य पधारें
शादी विवाह व अन्य आयोजन के लिए 100 व्यक्तियों के ठहरने की उत्तम व्यवस्था, जनवासा अलग से
पानी, बिजली और पार्किंग की बेहतर व्यवस्था
पाठक वार्ड, कटनी
संपर्क :- 9425466630, 7999523588
शहर के मध्य क्षेत्र में मीटिंग, कान्फ्रेंस, बर्थ-डे पार्टी एवं अन्य बड़े आयोजनों के लिए बेहतर स्थान
कोरोना गाइड लाइन के तहत ही सभी कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# अच्छी खबर : महिलाएं बनीं आत्मनिर्भर



### आधुनिक मशीनों द्वारा गोबर से बनाई लकड़ी, जमुनिया गौशाला में स्वसहायता समूह की महिलाओं की पहल

**कटनी/रीठी।** रीठी तहसील के अंतर्गत गोपाल गौशाला जमुनिया में पूर्णिमा स्व सहायता समूह की महिलाओं ने गो कास्ट मशीन से गोबर से लकड़ी बनाने का काम शुरू किया है। भारतीय संस्कृति के अनुसार बीते दिन गौ शाला में आजीविका मिशन द्वारा शासन की मंशा अनुसार महिलाएं आत्मनिर्भर बने, इसको लेकर गोपाल गौ शाला में स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा जमुनिया गौ शाला में पूजन करके समूह की महिलाओं ने गाय के गोबर से मशीन द्वारा लकड़ी बनाने का काम शुरू किया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष रीठी, एडीडीएम नाबार्ड मंडल अध्यक्ष, विटनरी डॉक्टर, स्वसहायता समूह की महिलाएं तथा ग्रामवासियों की उपस्थित रही। इससे पर्यावरण संरक्षण के साथ.साथ स्वसहायता समूह की महिलाओं को कास्ट मशीन से गोबर से लकड़ी बनाने का काम शुरू किया है। इस सम्बन्ध में एनआरएलएम रीठी ब्लाक समन्वयक राजेन्द्र जैन ने जानकारी देते बताया कि आने वाले समय में साबुन, धूप बत्ती, मंजन आदि उत्पाद बनाये जाने की योजना है, जिसको स्थानीय बाजार में बेचा जाएगा इससे महिलाये आत्मनिर्भर भी होगी।

दुनिया का नं.1 ब्रांड
SAMSUNG
UP To 22.5% Additional Cash Back
0% Finance Scheme
Exchange Offer
UPSIZE NOW
Upsize your lifestyle with amazing offers.
Free Sound Bar 9990/- For Selected TVs
आयुष प्लाजा
सेमसंग एक्सक्ल्यूसिव शोरूम
विशाल मेगा मार्ट के पास बरगवां कटनी, मो. 9893366435, 8319908847

ड्यूरेबल डिज़ाइनर फर्नीचर की फुल रेंज
अब है स्मार्ट फर्नीचर का जमाना
FURNITO
THE FURNITURE HUB...
गौरी शंकर मंदिर के पास, खैरा लाइन, माधव नगर कटनी (म.प्र.)
- Call -
9770037027

दीपोत्सव पर आप भी निखारिए अपना रूप
OSAM
Beauty Parlour
स्पेशल ऑफर 28 अक्टूबर से 31 दिसम्बर तक
299 रू. क्लीनप, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड, सिम्पल हेयर कट फ्री
499 रू. फ्रूट फेशियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, अन्डर आर्म्स, आइब्रो, फोरहैड (मेनीक्योर फ्री)
899 रू. गोल्ड, डायमंड फेसियल, ब्लीच, हैन्ड वैक्स, लैग वैक्स फुल, अन्डर आर्म्स, मेनीक्योर, पेडीक्योर, हेयर आयल मसाज आइब्रो फोरहैड (1 क्लीनअप फ्री)
599 रू. लोटस फेसियल, ब्लीच, हैनड वैक्स, हाफ लैग वैक्स, अडर आर्म्स, आइब्रो फोरहैड, हेयर कट (पेडीक्योर फ्री)
दुल्हन मेकप 1 माह पहले से बुकिंग करने पर 1000 रू. की छूट
Beauty Expert- K.M., Mob-8305072898
पता- पोस्ट ऑफिस गली, रघुनाथगंज कटनी

CITY Mall
EVERYTHING UNDER ONE ROOF
AVAILABLE FACILITIES
SHOPPING FUN FOOD ENTERTAINMENT HOSPITALITY
ASSOCIATED WITH
BIG BAZAAR
Reliance digital
TRENDS
PLANET FASHION
U-TURN
BOLSA
GALAXY GAME ZONE
CITY PRIDE Cinema
Food Junction The Food Court
HOTEL GRAND MERIDIAN
FLAVOURS Multi Cuisine Family Restaurant
GRAVITY THE PUB
City Mall, Near Main Railway Station, Barhi Road, Katni (M.P.)
Phone : +91 7622 422408, email : citymallkatni@gmail.com

Katni's No. 1
M. 94258 01294
मंजूश्री
LIFESTYLE
कोट सूट।। शेरवानी।। इंडो वेस्टर्न।। ब्लेजर।। कुर्ता जैकेट
MUFTI
BLACKBERRYS
OCTAVE
KILLER
पता- खिरहनी ओव्हरब्रिज के पास हीरागंज, कटनी (म.प्र.) 483501

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं कचहरी चौक कटनी से प्रकाशित। सम्पादक-श्याम कटारे एवं स्थानीय सम्पादक-आशीष सोनी*। फोन (07622) 406666, 230033, जबलपुर कार्यालय फोन- (0761) 2643333, 2646666 फैक्स (0761) 4084085 डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/ 26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/21090. email - katni@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)